## परियोजना का नामः– एस.सी.पी. के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में वज्यूला मवई हरिनगरी मोटर मार्ग का निर्माण।

### परियोजना का औचित्य

शासनादेश संख्या 2490 / 111(2) / 08–61 (प्रा.आ.) / 2007 दि0 25.07.2008 द्वारा एस.सी.पी. के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में वज्यूला मवई हरिनगरी मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर में विकास खंड, गरुड़ के अन्तर्गत पहाड़ी के एक ओर डंगोली सैलानी मोटर मार्ग और दूसरी पहाड़ी पर डंगोली–छटिया–हरिनगरी–कुलाऊँ–ग्वालदम मोटर मार्ग निर्मित है। इन दोनों पहाड़ी के बीच दूरस्थ क्षेत्र में स्थित ग्राम मवई जनसंख्या (341) नौगांव (242) कोटयूड़ा (127) एवं बूँगा (227) कुल 937 आवादी अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़े हैं। वर्तमान में यातायात के साधन न होने से स्थानीय जनता को अपने दैनिक उपभोग की वस्तुओं को धोड़े व खच्चरों के माध्यम से लाना पड़ता है। ढुलान व्यय अधिक होने से इसका विपरीत असर गरीब जनता की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है। जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन एवं बागवानी है। दूरस्थ क्षेत्र में होने एवं यातायात की सुविधा न होने से कास्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता जिससे कास्तकारों का कृषि कार्य से मोहभंग हो रहा है और पलायन बढ़ रहा है। दूरस्थ में होने एवं यातायात की सुविधा न होने से सरकारी अधिकारी कर्मचारी भी इस क्षेत्र में अपनी सेवायें देने को तैयार नहीं होते जिससे विशेष रूप से शिक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं का पूरा लाभ स्थानीय जनता को नहीं मिल पा रहा है। इस मार्ग का निर्माण हो जाने से उपरोक्त ग्राम के युवाओं के लिए नये रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे एवं क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होने से उनका शहरों की ओर पलायन रूक सकेगा। स्वीकृत मोटर मार्ग का निर्माण डंगोली–सैलानी मार्ग के वज्यूला नामक स्थान से प्रस्तावित किया गया है और उपरोक्त गावों से होते हुए हरिनगरी तक इस लिंक मोटर मार्ग की कुल लम्बाई 7.50 कि0मी0 आती है जिसमसें कुल 4.949 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है।

अतः दूरस्थ क्षेत्र की जनता के हित में इस सम्पर्क मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यक है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर